अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2015
## (बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** वाटसन ने प्राथमिक संवेगों के सिद्धान्त के अन्तर्गत शिशुओं के भीतर जन्म से ही विद्यमान कितने संवेगों को बताया है? **(1)**

(A) 4 (B) 6

(C) 5 (D) 3

**2.** जीन पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास की कितनी अवस्थाओं का वर्णन किया है? **(1)**

(A) 3 (B) 4

(C) 6 (D) 5

**3.** बुद्धि के द्विकारक सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया है? **(1)**

(A) गटमैन ने (B) बैकमैन ने

(C) स्पीयरमैन ने (D) गिलफोर्ड ने

**4.** किशोरावस्था को किस विद्वान ने उथल-पुथल की अवस्था कहा है? **(1)**

(A) स्टैनले हॉल ने (B) क्लार्क ने

(C) वेबर ने (D) विलियम जेम्स ने

**5.** आनुवंशिकता का वाहक होता है— **(1)**

(A) आर.एन.ए. (B) केन्द्रक

(C) जीन्स (D) शिरा

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा परीक्षण व्यक्तित्व का मापन करता है? **(1)**

(A) भाटिया बैटरी परीक्षण (B) टी.ए.टी.

(C) स्टैनफोर्ड-बिने परीक्षण (D) कुडर प्राथमिकता प्रपत्र

**7.** एक ऐसी मानसिक प्रक्रिया जिसमें बालक/व्यक्ति किसी नई परिस्थिति का सामना करने अथवा किसी समस्या का समाधान करने में अपने पूर्व अनुभव का प्रयोग करता है, कहलाता है— **(1)**

(A) कल्पना (B) आत्मसातन

(C) समंजन (D) चिन्तन

**8.** वह मानवीय योग्यता जिसके द्वारा व्यक्ति किसी नवीन रचना या विचार को प्रस्तुत करता है, कहलाता है— **(1)**

(A) सृजनात्मकता (B) प्रत्यक्षीकरण

(C) प्रक्षेपण (D) उदात्तीकरण

**9.** कोहलर ने अपने सीखने के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसके ऊपर प्रयोग करते हुए किया था? **(1)**

(A) बिल्ली (B) कुत्ता

(C) वनमानुष (D) मनुष्य

**10.** अभ्यास और अनुभव के द्वारा व्यवहार में होने वाला परिवर्तन कहलाता है— **(1)**

(A) अवधान (B) अधिगम

(C) प्रतिकार (D) प्रेरणा

**11.** किसी विषय, कार्य अथवा परिस्थिति में अर्जित ज्ञान द्वारा अन्य किसी कार्य, विषय अथवा परिस्थिति में लाभ प्राप्त होना कहलाता है— **(1)**

(A) अल्पकालिक स्मृति (B) दीर्घकालिक स्मृति

(C) अनुसरण (D) अधिगम अन्तरण

**12.** व्यक्ति में विद्यमान वह शक्ति जिसके कारण वह किसी कार्य को करने अथवा न करने के लिए बाध्य हो जाता है, कहलाता है— **(1)**

(A) अभिप्रेरणा (B) संवेदना

(C) अभिसरण (D) प्रतिगमन

**13.** ऐसी मानसिक प्रक्रिया जिसमें व्यक्ति पूर्व में धारण/याद की गई सामग्री को पुनः स्मरण करने में असमर्थ हो जाता है, कहलाता है— **(1)**

(A) शमन (B) दमन

(C) विस्मरण (D) समंजन

**14.** विभिन्न तथ्यों के बीच किसी एक ही तथ्य पर मन को एकाग्र किए रहना कहलाता है— **(1)**

(A) अभ्यसन (B) ध्यान लगाना

(C) प्रत्यभिज्ञा (D) प्रस्मरण

**15.** पदों के योग में पदों की संख्या से भाग देने पर जो प्राप्त होता है, कहलाता है— **(1)**

(A) प्रसरण (B) माध्यिका

(C) बहुलक (D) माध्य

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** "तुम मुझे एक दर्जन बालक लाओ और उनके विकास के लिए मेरे कहने के अनुसार वातावरण लाओ, मैं उन्हें जो कहो— डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, कलाकार बना सकता हूँ", यह विचार किसने दिया? **(1)**

**17.** बालक में संवेगात्मक विकास के अन्तर्गत विकासात्मक सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया? **(1)**

**18.** क्रन्दन, बलबलाना, हावभाव, शब्द-भण्डार तथा वाक्य निर्माण किसकी विकास अवस्थाएँ होती हैं? **(1)**

**19.** जीन पियाजे ने बालक के संज्ञानात्मक विकास के अन्तर्गत अनुकूलन क्रिया का विभाजन किन दो उप-प्रक्रियाओं में किया है? **(1)**

**20.** गिलफोर्ड ने बुद्धि के त्रिआयाम सिद्धान्त के अन्तर्गत किन तीन विधाओं में मानसिक योग्यताओं को वर्गीकृत किया? **(1)**

**21.** युंग ने सामाजिक अन्तर्क्रिया के आधार पर व्यक्तित्व को किन-किन भागों में वर्गीकृत किया? **(1)**

**22.** वह मानसिक प्रक्रिया जिसमें संगठित और व्यवस्थित रूप से चिन्तन किया जाता है, कहलाती है। **(1)**

**23.** बालक की वह मनोस्थिति जिसके द्वारा वह विभिन्न परिस्थितियों में व्यक्तिगत तथा सामाजिक समायोजन करने में समर्थ होता है, कहलाती है। **(1)**

**24.** जब बालक किसी दूसरे बालक के कार्य को देखकर उसी की तरह सीखता है तो वह सीखने की कौन-सी विधि कहलाती है? **(1)**

**25.** अन्य बातें समान होने पर कोई बालक कई बार प्रयास करते-करते कोई चीज सीख ले तो सीखने की यह विधि थॉर्नडाइक की किस विधि के अन्तर्गत आती है? **(1)**

**26.** भोजन देने से पहले बार-बार घण्टी बजाने के बाद केवल घण्टी की आवाज पर कुत्ते में लार स्राव होने लगे तो यह किस सिद्धान्त के अन्तर्गत आता है? **(1)**

**27.** बालक में पाए जाने वाले जन्मजात अभिप्रेरकों का नाम बताइए। **(1)**

**28.** वह प्रवृत्ति जो बालक का ध्यान किसी वस्तु, व्यक्ति या क्रिया की ओर केन्द्रित करती है और उसके प्रति लगाव उत्पन्न करती है, कहलाती है। **(1)**

**29.** स्मृति के अन्तर्गत होने वाली चार प्रक्रियाओं के नाम बताइए। **(1)**

**30.** अवर्गीकृत आँकड़ों में पदों की संख्या विषम होने पर माध्यिका ज्ञात करने का सूत्र क्या होता है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** बाल्यावस्था से आप क्या समझते हैं? **(2)**

**32.** बुद्धिलब्धि से आपका क्या तात्पर्य है? **(2)**

**33.** वैयक्तिक भिन्नताओं से आप क्या समझते हैं? **(2)**

**34.** व्यक्तित्व को परिभाषित कीजिए। **(2)**

**35.** वंशानुक्रम से आपका क्या तात्पर्य है? **(2)**

**36.** परिपक्वता को परिभाषित कीजिए। **(2)**

**37.** कोहलर द्वारा वर्णित अन्तर्दृष्टि का अर्थ बताइए। **(2)**

**38.** ग्राम शिक्षा समिति से आप क्या समझते हैं? **(2)**

**39.** ध्यान और रुचि का सम्बन्ध बताइए। **(2)**

**40.** बहुलक से आप क्या समझते हैं? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/2015

2. बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/

3. बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN